राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

E-mail: rsscjaipur@gmail.com rssccoachingjaipur@gmail.com
Phone – 0141-2744283, 0141-2742468

क्रमांक : एफ.10/खे0 अका0/भोजन बालिका जयपुर/2026–27/रा.क.क्र.सं. दिनांक : (यथाहस्ताक्षर)

ई–निविदा सूचना संख्या 15/2026–27 दिनांक 16/06/2026

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा संचालित **Annexure-"G"** अनुसार विभिन्न स्थानों पर उल्लेखित आवासीय खेल अकादमियां/खेल स्कूलों (बालक/बालिका वर्ग) हेतु वर्ष 2026–27 में भोजन व्यवस्था की जानी है। भोजन व्यवस्था आपूर्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। संबधित पूर्ण विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in तथा www.rssc.in पर देखा जा सकता है।

निविदा के कार्य का नाम	:	आवासीय खेल अकादमियां/खेल स्कूलों हेतु वर्ष 2026–27 में भोजन व्यवस्था
1. अनुमानित लागत	:	

संभाग	क्र. सं.	खेल अकादमी/खेल स्कूल	स्थान	स्वीकृत संख्या	कुल अनुमानित संख्या	अनुमानित लागत	बयाना राशि (2%)
जयपुर	1	बालिका एथलेटिक्स अकादमी	जयपुर	15	195	1,75,50,000/-	3,50,000/-
	2	बालिका वॉलीबाल अकादमी	जयपुर	20			
	3	बालिका तीरन्दाजी अकादमी	जयपुर	15			
	4	बालिका हैण्डबाल अकादमी	जयपुर	25			
	5	बालिका बास्केटबाल अकादमी	जयपुर	20			
	6	आवासीय बालिका खेल संस्थान	जयपुर	100			

2. निविदा डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि	:	दिनांक 17/6/26 से
3. प्री–बिड मिटिंग तिथि	:	दिनांक 22/6/26 को दोपहर 12:00 बजे
4. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय	:	29/6/2026 दोपहर 1:00 बजे तक
5. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	:	29/6/2026 को सायं 5:00 बजे

क्र. सं.	कार्य का विवरण	शुल्क	भुगतान का प्रकार	ऑफलाईन जमा कराने की दिनांक	देय
1	निविदा शुल्क	5,000/– रूपये	डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैंकर चैक	29/6/2026 दोपहर 3:00 बजे तक	सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर
2	बयाना राशि	3,50,000/– रूपये	डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैंकर चैक		सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर
3	ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क	2,000/– रूपये	डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैंकर चैक		Managing Director RISL (Payable at Jaipur)

नोट :– इच्छुक बोलीदाता को प्री–बिड मिटिंग में उपस्थित होने से पूर्व निविदा शुल्क की राशि परिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी।

सचिव

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

RajKaj Ref No.: 22828592

v-1.0

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

E-mail: rsscjaipur@gmail.com rssccoachingjaipur@gmail.com

Phone – 0141-2744283, 0141-2742468

क्रमांक : एफ.10/खे0 अका0/भोजन बालिका जयपुर/2026–27/रा.क.क्र.सं. दिनांक : (यथाहस्ताक्षर)

ई–निविदा सूचना संख्या 15 /2026–27 दिनांक 16/06/2026

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा संचालित विभिन्न स्थानों पर **Annexure- "G"** पर उल्लेखित आवासीय खेल अकादमियां/खेल स्कूलों (बालक/बालिका वर्ग) हेतु वर्ष 2026–27 में भोजन व्यवस्था की जानी है। भोजन व्यवस्था आपूर्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा केवल अधिकृत सेवा प्रदाताओं से ही ऑन–लाईन बिड आमंत्रित की जाती है। आवेदक द्वारा बिड के अन्तर्गत चाहे गये तकनीकी दस्तावेज के साथ बयाना राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस शुल्क का प्रमाण ऑन–लाईन अपलोड करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी/वित्तीय बिड दिनांक 29/6/26 दोपहर 1:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। आवेदक द्वारा बिड के अन्तर्गत चाहे गये बयाना राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक परिषद कार्यालय में टेण्डर बॉक्स में सीलबंद लिफाफे में दिनांक 29/6/26 दोपहर 3:00 बजे तक ऑफलाईन जमा कराना होगा।

तकनीकी बिड दिनांक 29/6/26 को सायं 5:00 बजे खोली जावेगी। तकनीकी रूप से योग्य आवेदकों की वित्तीय बिड खोले जाने की सूचना पृथक से प्रेषित की जावेगी।

निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तों का अवलोकन आई.डी. संख्या के अन्तर्गत www.rssc.in eproc@rajasthan.gov.in एवं www.sppp.nic.in पर किया जा सकता है।

किसी भी निविदा, निविदा के अंश अथवा सम्पूर्ण निविदा को बिना किसी भी सूचना एवं कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार परिषद के पास सुरक्षित रहेगा।

आवेदनकर्ता के पास वैद्य डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट–(DSC) जो कि Class-III की होना आवश्यक है। बिड डालने से पूर्व DSC eproc@rajasthan.gov.in की Website पर रजिस्टर करना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हैल्पडेस्क (eproc-cell) 0141–4022688 or mail eproc@rajasthan.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव

RajKaj Ref No.: 22828592

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

E-mail: rsscjaipur@gmail.com rssccoachingjaipur@gmail.com

Phone – 0141-2744283, 0141-2742468

ई निविदा/बोली शुल्क रूपये 5000/–

ई टेण्डर प्रक्रिया शुल्क 2000/–

निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :– ..... समय दोपहर 01.00 बजे तक

तकनीकी निविदा खोलने की अंतिम तिथि :– ..... समय सायं 05.00 बजे

भोजन व्यवस्था हेतु ई–बोली संख्या ...../2026–27 दिनांक .....

1. बोली प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम एवं डाक का स्थाई पता
   .....
   .....
   .....
2. दूरभाष संख्या .....मोबाइल नम्बर .....
   ई–मेल आईडी.....
3. बोली जिसे सम्बोधित की जानी है :– सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर।
4. **बोली शुल्क** की राशि रूपये 5000/– रूपये मात्र निर्धारित तिथि एवं समय तक ऑफलाईन डी0डी0/बैंकर्स चैक जो सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के नाम देय हो, द्वारा जमा करानी होगी।
5. **प्रोसेसिंग फीस** राशि रूपये 2000/– रूपये का डी0डी0 जो कि MD. RISL, Jaipur के पक्ष में देय करना अनिवार्य होगा।
6. बोलीदाता को आवासीय खेल अकादमियों/खेल स्कूलों हेतु अनुमानित लागत **Annexure-"G"** के अनुसार **2 प्रतिशत बयाना राशि** के बैंक ड्राफ्ट जो कि सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के नाम से देय होगा। उक्त बैंक ड्राफ्ट निर्धारित तिथि एवं समय तक ऑफलाईन परिषद कार्यालय में जमा कराना होगा। निविदा शुल्क एवं ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट भी ऑफलाईन जमा कराने होंगे।
7. हम राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर द्वारा जारी की गई इस बोली में वर्णित सभी शर्तों तथा उक्त बोली की अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। इनके सभी पृष्ठों पर उनके उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं। हम राज्य सरकार के उपापन संबंधी अधिनियम/नियम आदेश से आबद्ध होना स्वीकार करते है।
8. तकनीकी बिड/वित्तीय बिड विधिवत ऑन–लाईन प्रस्तुत करना होगा।

RajKaj Ref No.:
22828592

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

9. राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा संलग्न मीनू **Annexure-"F"** (जिसे हमने देख लिया है) के अध्ययन उपरान्त अनुमोदित/निर्धारित मीनू दी गई मात्रा के अनुसार निर्धारित समय पर उपलब्ध कराये जाने के लिए सहमति देता हूं।

10. राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमियां/खेल स्कूलों (बालक/बालिका वर्ग) हेतु विभिन्न स्थानों में वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्धारित स्थान पर अलग–अलग भोजन व्यवस्था करनी होगी।

11. भोजन उत्कृष्ट गुणवत्ता का होगा। इस संबंध में परिषद द्वारा किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जावेगा। कमेटी द्वारा समय–समय पर जांच की जायेगी।

12. ऊपर उद्धरित की गई दरें कार्यादेश की दिनांक से एक वर्ष के लिए विधि मान्य है। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार बढाया जा सकेगा।

13. बोलीदाता की सशर्त बोली को रद्द समझा जावेगा। बालक व बालिकाओं की वास्तविक उपस्थिति के अनुसार फर्म को भुगतान किया जावेगा।

14. निर्धारित भोजन मीनू में परिवर्तन का अधिकार राजस्थान राज्य कीडा परिषद में सुरक्षित है।

15. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे।

हस्ताक्षर बोलीदाता

नाम व पता .....

.....

मोबाईल नंबर .....

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

चैक लिस्ट प्राथमिक तकनीकी योग्यता हेतु(Primary stage)

ई–निविदा संख्या ...../2026–27 दिनांक .....

बोलीदाता का नाम व पता .....

.....

निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की सूची

क्र. सं.	विवरण	संलग्न किये गये (हाँ/नहीं)	पृष्ठ संख्या
1	बोली प्रपत्र के समस्त पृष्ठ मय शर्तों एवं एनेक्चर ए, बी, सी, डी एवं सभी एनेक्चर मय हस्ताक्षर कर संलग्न किया गया। As Acceptance of Terms & Conditions of the tender		
2	तकनीकी बिड़ के साथ निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं बयाना राशि का बैकर्स चैक/डी.डी. संलग्न है।		
3	जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है।		
4	जीएसटी देयता प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रपत्र जीएसटी आर–3बी में संलग्न की गई। (केवल 31 मार्च 2026 की)		
5	PAN No. की छाया प्रति संलग्न है।		
6	Pf, ESI Registration Copy & Contract labour Licence		
7	सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी खाद्य पदार्थ तैयार कर आपूर्ति करने का लाइसेंस की छायाप्रति (वेज एवं नॉनवेज) FSSAI licence		
8	Experience of having simillar work order during last 5 year (**2021–22 से 2025–26**) should be either of the following (As per condition No. 21) :- (i) Three simillar work costing not less than the amount of Rs. 75.00 lacs.Or (ii) Two simillar work costing not less than the amount of Rs. 90.00 lacs.Or (iii) One simillar work costing not less the amount of Rs.105.00 lacs.		
9	Certificate from Chartered Accountant with UDIN for the proof of average annual turnover in any last 3 financial years of the last 5 year (**2021–22 से 2025–26**) should be at least 120.00 lacs		
10	Declaration of Blacklist court cases/dispute/claim with arbitration court/consumer forum.		
11	राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 में पंजीकृत या कम्पनी अधिनियम 1956 में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र या सोसायटी अधिनियम 1958 में पंजीकृत		
12	Constitution of firm (Propriater/Company/Partner)		
13	Signature of Authorised person with date and seal/stamp of company/firm/agency or each page of tender document		

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय सील

RajKaj Ref No.:
22828592

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

Secondary Stage :- **TECHNICAL SCORE EVALUATION CRITERIA:**

Sl. No.	Criteria	Max Marks	Document/ Evidence Required
1.	Bidder should have experience in catering services for National / State institutions public or private in last five years : (FY 2021-22, 2022-23, 2023-2024, 2024-25,2025-26): o Minimum Three similar assignment value of 75 lac -20 marks Or Minimum Two similar assignment value of 90 lac -20 marks Or Minimum One similar Assignment value of 105 lac-20Marks o Six Similar Assignment value of 75 lac – 30 marks Or Four Similar Assignment value of 90 lac – 30 marks Or Two similar Assignment value of 105 lac- 30 Marks	30	**Work Order/ LOA / Completion Certificate/ payments proof**
2	Total Year of experience of continuous work (as on the date of publish of tender)in the field of providing catering services . 0-5 year experience -5 marks 5-10 year experience -10 marks More than 10 year of experience- 15 marks	15	**Bidder should attach documents or certificate regarding its total experience.**
3.	Turn over Clause Average annual turnover in any last 3 financial years of the last 5 year (**2021–22 से 2025–26**) o Turn over from 1.2 crore- 2 cr - 20 marks o Turn over more than 2 cr- 30marks	30	**Certificate from CA/ statutory auditor/audited financial statements for the three previous Financial years. (UDIN no. Should be mentioned)**

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

4.	Total number of employees(Head cook,assistant cook, helpers,cleaning staff) engaged by the service provider in any 36 month during financial year (FY 2021-22, 2022-23, 2023-2024, 2024-25,2025-26): a. 20-30employees -5 marks b. From 30-50 employees-8 marks c. More than 50 employees-10 marks	10	**Verified by PF and ESI documents/agreement**
5.	Certification- 1. FSSAI certification-5 marks 2. FSSAI and ISO 22000 certification-10 marks	10	Bidder should attach documents with technical bid
6	Well established restaurant Or Kitchen setup in rajasthan	5	Super imposed images and certificate
	Total	**100**	
	Qualifying Marks	**70**	

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

प्रतिबंध एवं शर्ते

टिप्पणी :– बोलीदाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढना चाहिए तथा अपनी बोली भेजते समय इन्हे पूर्ण रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए।

1. तकनीकी एवं वित्तीय बोलीओं को बोली सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित रूप से ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है। ऑनलाईन अपलोड नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता को सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

2. व्यक्ति/संस्था/फर्म द्वारा प्रस्तुत बोलीओं पर समिति द्वारा विचार किया जावेगा। इस संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा।

3. बोलीदाता को आवासीय खेल अकादमियों/खेल स्कूलों हेतु अनुमानित लागत **Annexure-"G"** के अनुसार 2 प्रतिशत बयाना राशि के बैंक ड्राफ्ट जो कि सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के नाम से देय होगा। उक्त बैंक ड्राफ्ट ऑफलाईन परिषद कार्यालय में जमा कराना होगा। निविदा शुल्क एवं ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट भी ऑफलाईन जमा कराने होंगे।

4. बोलीदाता द्वारा दरें उचित स्थान पर अंको एवं शब्दों दोनों में लिखनी चाहिए। दरे सुबह की चाय, सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, सायं की चाय, सायं का ज्यूस, एवं रात्रि भोजन की पृथक–पृथक ऑनलाईन अंकित की जानी चाहिए।

5. **चयन प्रक्रियाः –**

   - प्रथमिक पात्रता (चैक लिस्ट अनुसार) प्राप्त करने वाले निविदादाताओं की बोलियों का मूल्यांकन QCBS के आधार पर किया जायेगा।
   - अंतिम स्कोर की गणना हेतु 30 प्रतिशत वित्तीय बिड(कुल राशि)एवं 70 प्रतिशत तकनीकी बिड को कुल वेटेज दिया जायेगा।
   - वित्तीय बिड खोले जाने हेतु तकनीकी मूल्यांकन में न्यूनतम 70 अंक प्राप्त करने होंगे अन्यथा वित्तीय बिड हेतु पात्र नहीं माना जायेगा।
   - तकनीकी एवं वित्तीय बिड में अधिकतम मूल्य प्राप्त करने वाले निविदादाता की बिड को सर्वश्रेष्ठ बिड माना जायेगा। QCBS हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेगी–

   $Ts = (Sf_{low} / Sf) * 30 + (St/St_{high}) * 70$ Where,
   - Sf: Evaluated/Quoted Bid Price
   - Sf_{low}: The lowest of all Evaluated Bid Prices among responsive Bids
   - St: The total Technical Score awarded to the Bid
   - Sthigh: The Technical Score achieved by the Bid that was scored best among all responsive Bids

   - एक से अधिक बोलीदाता के समान मूल्य आने पर वित्तीय बिड में न्यूनतम दर वाले निविदादाता का चयन किया जावेगा, इसके उपरान्त भी समान मूल्य पाया जाता है तो अधिकतम तकनीकी अंक पाने वाले निविदादाता का चयन किया जायेगा।

6. बोलीयां उनके खोले जाने की दिनांक से एक वर्ष की अवधि तक के लिये विधिमान्य होगी।

7. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिये नही सौपेगा या उप भाडे पर नहीं देगा।

8. बोलीदाता का/उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनर्हता होगी।

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

9. बयाना राशि :–

(क) बोलीदाता को खेल अकादमियों/खेल स्कूलों हेतु अनुमानित लागत **Annexure-"G"** के अनुसार 2 प्रतिशत बयाना राशि के बैंक ड्राफ्ट जो कि सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के नाम से देय होगा। उक्त बैंक ड्राफ्ट ऑफलाईन परिषद कार्यालय में जमा कराना होगा। इसके बिना बोलीओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

(ख) असफल बोलीदाता की प्रतिभूति राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

(ग) अनुमोदन की प्रतीक्षा करने वाली या रद्द की गई या संविदाओं को पूर्ण हो जाने के कारण परिषद् कार्यालय के पास पूर्व से जमा राशि बयाना राशि/प्रतिभूति राशि के प्रति समायोजित नहीं किया जावेगा।

10. बयाना राशि का समपहरण :– बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहृतकर लिया जायेगा :–

(i) जब बोलीदाता बोली खोलने के बाद किन्तु बोली को स्वीकार करने से पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें उपान्तरण करता है।

(ii) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहीत किसी करार को निष्पादित नहीं करता हो।

(iii) जब बोलीदाता निविदा के लिए आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता हों।

(iv) जब वह विहीत समय के भीतर कार्य आदेश के अनुसार कार्य प्रारंभ करने में असफल रहता हो।

11. करार एवं प्रतिभूति निक्षेप :–

(i) सफल बोलीदाता को आदेश के प्राप्त होने से सात दिवस की अवधि के भीतर निर्धारित प्रारूप में एक करार पत्र 500/– रुपये के स्टाम्प पेपर पर निष्पादित कराना होगा तथा जिस कार्य के लिए बोलीयां स्वीकार की गई है, उनके मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति जमा करानी होगी। यह प्रतिभूति प्रेषण के उस दिनांक से जिसको बोली के स्वीकार किये जाने की सूचना उसे दी गई है, अनुबंध पत्र निष्पादित करने से पूर्व जमा करायी जायेगी।

(ii) बोली के समय जमा करायी गयी अमानत राशि को प्रतिभूति/बयाना राशि के लिये समायोजित कर लिया जावेगा।

(iii) प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नही किया जावेगा।

(iv) प्रतिभूति राशि के रूप निम्न प्रकार होगें :–
(क) बैंक ड्राफ्ट/बैंक गारण्टी।

(v) करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने का व्यय बोलीदाता द्वारा वहन किया जायेगा तथा विभाग को उस करार की एक निष्पादित स्टाम्प शुदा प्रतिपडत निःशुल्क प्रस्तुत की जायेगी।

(vi) प्रतिभूति राशि ठेके की अवधि समाप्त होने पर ठेके को संतोषजनक रूप से पूर्ण कर दिये जाने के बाद, यदि कोई देय बकाया में नही है तो लिखित प्रार्थना पत्र देने पर नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

12. प्रतिभूति/बयाना राशि का समपहरण :– प्रतिभूति/बयाना राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत कर लिया जायेगा :–

(i) जब संविदा की शर्तों का उल्लघन किया गया हो।

(ii) जब बोलीदाता सम्पूर्ण कार्य संतोषजनक ढंग से करने मे असफल हो।

(iii) प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्ति युक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

13. बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र में या अन्य कोई त्रुटि पायी जाने पर बोली को रद्द करने का अधिकार, सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर को होगा।

14. यदि संविदा के निर्वचन, आशय या संविदा के शर्तों के उल्लघन के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उस विवाद के लिए परिषद् का निर्णय अंतिम होगा एवं ठेकेदार को मान्य होगा।

15. बोलीदाता द्वारा शर्तों के उल्लघन करने पर अनुपातिक रूप से ठेके की राशि में से कटौती की जावेगी।

16. बोलीदाता द्वारा बोली के साथ फर्म का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र, जीएसटी प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र एवं खाद्य लाइसेंस (वेज व नॉनवेज) , Pf , Esi and Contract Labour Licence संलग्न किये जायेगें।

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

17. बोलीदाता को किए जाने वाले समस्त प्रकार के भुगतान में से आयकर, बिक्रीकर/जीएसटी या अन्य करों की राशि की नियमानुसार कटौती की जावेगी।

18. यदि बोलीदाता ऐसी कोई शर्तें आरोपित करता है तो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है, तो उसकी बोली को संक्षिप्त रूप से कार्यवाही कर रद्द कर दिया जावेगा। किसी भी स्थिति में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नही समझा जायेगा। जब तक कि क्रेता अधिकारी द्वारा जारी किये गये बोली स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो।

19. क्रेता अधिकारी किसी भी बोली को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की बोली नही है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलायें किसी भी बोली को रद्द करने या जिन कार्यों के लिये बोलीदाता ने बोली दी है, उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के लिये बोली को स्वीकार करने या एक फर्म/सप्लायर से अधिक को कार्य वितरित करने के अधिकार को अपने पास सुरक्षित रखेगा।

20. बोलीदाता करार को निष्पादित करते समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा:–

(i) यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख की एक अभि प्रमाणित प्रति।
(ii) यदि भागीदारी फर्म का रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स के पास पंजीकृत हो तो पंजीयन संख्या एवं उसका वर्ष।
(iii) एक मात्र व्यक्ति के मामले में आवास एवं कार्यालय का पता, टेलीफोन संख्या।
(iv) कम्पनी के मामले में कम्पनी के रजिस्ट्रार के द्वारा जारी किया गया प्रमाण–पत्र।

21. **बोलीदाता को विगत 5 वित्तीय वर्षों (2021–22, से 2025–26) में किसी सरकारी /अनुदानित / स्वायत्तशासी संस्था/निजी संस्थान में खेल अकादमियों/ हॉस्टल/आवासीय स्कूल में भोजन व्यवस्था से सबंधित किये गये कार्यों के कार्यादेश तथा कार्य संतोषजनक पूर्ण करने के की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी होगी। कार्यादेश हेतु विगत पांच वर्षों में 105.00 लाख का एकल कार्यादेश या 90.00 लाख के दो कार्यादेश या 75.00 लाख के तीन कार्यादेश होने चाहिए।**

22. **बोलीदाता का विगत 5 वित्तीय वर्षों (2021–22, से 2025–26) में किसी भी 3 वित्तीय वर्षों में औसत वार्षिक टर्न ओवर 120.00 लाख से कम नहीं होना चाहिए। इस हेतु बोलीदाता को टर्नओवर के संबंध में उक्त वर्षों के चार्टेड एकाउन्टेट के प्रमाण पत्र मय यूडीआई नं0 के हस्ताक्षर मय सील के प्रति संलग्न करनी होगी।**

23. अवधि के दौरान **Annexure-"G"** में अंकित आवासित खिलाड़ियों को प्रतिदिन भोजन की आवश्यकता होगी। भोजन व्यवस्था की संख्या में कमी या वृद्धि यथा आवश्यकता की जा सकती है परन्तु ऐसी कमी या वृद्धि का प्राप्त बोली की दरों पर कोई प्रभाव नहीं होगा एवं वास्तविक उपस्थित संख्या के अनुरूप ही भुगतान किया जायेगा।

24. निर्धारित भोजन मीनू में परिवर्तन का अधिकार राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर में सुरक्षित है।

25. संस्था से भोजन कार्य में किसी भी दिन अवकाश नही रहेगा। भोजन कर्मचारी किसी गंभीर बीमारी से पीडित नही होना चाहिए। भोजन कर्मचारी अनिवार्य रूप से प्रातः 5.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक निर्धारित पोशाक में परिचय पत्र धारण कर उपस्थित रहेगे। बाल मजदूरी निषेध रहेगी।

26. भोजन बनाने हेतु उपयोग में ली जाने वाली आवश्यक गैस की भट्टी, गैस सामग्री आदि की व्यवस्था बोलीदाता द्वारा की जावेगी। अतः समेकित दर खाना, चाय, नाश्ता आदि बनाने की दरें मय उपयोग में ली जाने वाली गैस की लागत, भट्टी की मरम्मत–रखरखाव, खाना बनाने के बर्तन, पानी एकत्र करने के बर्तन, खाने के बर्तन, क्राकरी–कटलरी, बर्तन धोना एवं अन्य आवश्यक उपयोगी बर्तन मय समस्त करों एवं अनुषंगिक प्रभारों सहित प्रस्तुत की जावें। गैस सिलेण्डर नियमानुसार व्यावसायिक श्रेणी का उपयोग लेना सुनिश्चित करें।

27. खिलाड़ियों हेतु दोनों समय चाय, नाश्ता, भोजन बनाना, बनाने–खाने के बर्तनों की सफाई एवं परोसने आदि कार्य करने होंगे। बनाने एवं खाने के बर्तनों की साफ–सफाई पूर्ण स्वच्छता से कर साफ कपड़े से पौछकर परोसनी होगी।

28. बोलीदाता को रसोई कक्ष, भोजन स्थल पर पूर्ण स्वच्छता रखनी होगी।

29. भोजन व्यवस्था खिलाडियों के लिए टेबिल पर सर्व करनी होगी।

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

30. **गुणवत्ता में अतिउत्तम एगमार्क सर्टिफाईड एवं FSSAI Approved खाद्य सामग्री काम में ली जानी आवश्यक होगी। खाद्य सामग्री Suggestive Brands जो कि Annexure-"H" पर संलग्न है के अनुसार ही काम में ली जावेगी। दूध गोल्ड फुल क्रीम का होगा।**

31. **भोजन की गुणवत्ता उत्तम श्रेणी की होनी चाहिए। भोजन की गुणवत्ता के संबंध में परिषद द्वारा किसी प्रकार का समझोता नहीं किया जावेगा। खाने में अतिउत्तम गुणवत्ता एगमार्का तेल, घी व मसाले को ही प्रयोग में लाना होगा। परिषद कार्यालय के अधिकारी द्वारा तैयार भोजन/कच्चा माल निर्धारित मानक स्तर से निम्न स्तर का पाये जाने पर परिषद अधिकारी के निर्देशानुसार तुरन्त संबंधित स्थान से हटाना होगा एवं अनुमोदित बोलीदाता उच्च स्तर का तैयार भोजन तत्काल उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होगा। इस हेतु उस दिन विशेष का कोई भुगतान बोलीदाता को देय नहीं होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अनुमोदित बोलीदाता की होगी तथा गुणवत्ता एवं मीनू अनुसार भोजन व्यवस्था नहीं करने पर Annexure-"I" पर प्रस्तुत बिन्दूओं के आधार पर संवेदक के विरूद्ध शास्ती आरोपित की जावेगी।**

32. अनुमोदित बोलीदाता भोजन हेतु आवश्यक कच्चे माल यथा आटा, मसाले, तेल इत्यादि की माह में दो बार परिषद के अधिकारी से चैक कराने हेतु बाध्य होगा।

33. भोजन की व्यवस्था बालक अकादमी एवं बालिका अकादमी दोनों में ही अलग–अलग करनी होगी एवं बोलीदाता को बालकों एवं बालिकाओं की संख्या यथा समय अवगत करा दी जायेगी।

34. बालिका अकादमी में महिलाकर्मी एवं बालक अकादमी में पुरूषकर्मी को ही भोजन कार्य हेतु लगाया जावेगा।

35. भोजन बनाने व परोसने में स्वच्छता के मापदण्डों का पालन किया जायेगा। किसी कारण खाद्य अपमिश्रण (रोकथाम) अधिनियम 1955 के तहत मास फूड पॉयजनिंग जैसी घटना कारित होती है तो बोलीदाता इसके लिए सम्पूर्ण रूप से न्यायालय/उपभोक्ता न्यायालय संबंधित वाद के लिए जिम्मेदार होगा।

36. सफल बोलीदाता को **Annexure-"G"** में अंकित सभी खेल अकादमियों/खेल स्कूलों में भोजन व्यवस्था हेतु एक दर प्रस्तुत करनी होगी एवं इन सभी खेल अकादमियों/खेल स्कूलों में अलग–अलग स्थानों पर कमेटी के निर्देशानुसार भोजन व्यवस्था करनी होगी। सफल बोलीदाता के पास **Annexure-"G"** में अंकित किसी भी खेल अकादमी/खेल स्कूल में भोजन व्यवस्था हेतु मना करने का अधिकार नहीं होगा। मनाही करने पर सफल बोलीदाता पर नियमानुसार ब्लेकलिस्ट करने की कार्यवाही की जावेगी।

37. भोजन कार्यो का विवरण में दिये गये भोजन कार्य को करते समय यदि किसी भोजन कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है या कर्मचारी किसी भी रूप से दुर्घटना ग्रस्त/अपंग हो जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं उसके लिए मुआवजा आदि का भार बोलीदाता द्वारा वहन किया जायेगा। विभाग इसके लिए किसी भी प्रकार से मददगार एवं जिम्मेदार नही होगा।

38. यदि कर्मचारियों के पारिश्रमिक से विधि एवं उसमें नियमानुसार किसी प्रकार भी कटौती की जानी है तो इस प्रकार की कटौती को कर्मचारी पर लागू करना एवं इस प्रकार की राशि को जमा कराने का उत्तरदायित्व बोलीदाता का होगा। बोलीदाता को श्रम एवं रोजगार विभाग के सभी नियमों का पालन करना होगा।

39. टेण्डर अवधि में यदि भोजन कर्मचारियों द्वारा हडताल की जाती है और संस्था इस अवधि में भोजन कार्य करने में असमर्थ रहती है तो विभाग द्वारा अपने स्तर पर भोजन की वैकल्पिक व्यवस्था पर की गयी व्यय राशि बोलीदाता से वसूलनीय होगी। यह राशि बोलीदाता के बिल की राशि में से अथवा उसके द्वारा जमा कराई गई अमानत राशि में से समायोजित कर ली जावेगी। इसके उपरान्त भी राशि शेष रहती है तो बोलीदाता जमा कराने को बाध्य होगा।

40. बोलीदाता द्वारा अपने भोजन कर्मचारियों की हाजरी online रहेगी। बोलीदाता द्वारा नियुक्त कर्मचारियों के निवास/स्थायी पते का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराना होगा। उनका पुलिस विभाग से सत्यापन पश्चात् अपने कर्मचारियों को पहचान पत्र अथवा उनकी फोटो सहित उपलब्ध कराना होगा।

41. समस्त भोजन कार्य करने के पश्चात रसोई की सफाई एवं कचरे का उचित प्रकार से निस्तारण व्यवस्था बोलीदाता को करनी होगी। बोलीदाता अपने कर्मचारियों के चाल–चलन, चरित्र आदि के संबंध में स्वंय जिम्मेदार होगा। **सभी वेटर एक निश्चित ड्रेस** में उपस्थित रहेगे एवं निर्देशानुसार कार्य करेंगे। ड्रेस उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी तथा बोलीदाता का कोई भी कर्मचारी किसी भी प्रकार के संक्रमण रोग से पीड़ित नहीं होना चाहिए।

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

42. भोजन स्थल पर **आरओ** की व्यवस्था बोलीदाता द्वारा की जावेगी।

43. कार्य समाप्ति के पश्चात् बोलीदाता द्वारा सामान्य वित्तिय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जायेगा। किसी भी सूरत में अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। विवादास्पद मदों में राशि का 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक को रोका जायेगा तथा उस विवाद का निपटारा हो जाने पर उसका भुगतान किया जायेगा।

44. अकादमियों के भोजन की दरों का मीनू अनुसार ब्रेक–अप दिया जाना आवश्यक होगा।

45. संवेदक को भोजन स्थल पर सीसीटीवी की व्यवस्था करनी होगी जिसका डिसप्ले अध्यक्ष महोदय के कक्ष में करना होगा। साथ ही खिलाडियों की उपस्थिति हेतु Thumb Impression Attendance Machine की व्यवस्था करनी होगी।

46. समस्त विधिक कार्यवाहियां यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो तो जयपुर स्थित न्यायालय में ही की जावेगी। अन्यत्र नहीं की जायेगी।

47. बोलीदाता द्वारा निर्धारित मीनू को एक फ्लेक्स बोर्ड पर भोजन पाण्डाल के बाहर आसानी से दर्शित होने वाले स्थान पर लगाना होगा। फ्लेक्स बोर्ड नहीं लगाने पर प्रति अवसर रू. 500/– की कटौती आरोपित की जावेगी। खिलाडियों के फीडबैक फॉर्म के आधार पर ही संवदेक को भुगतान किया जायेगा। खिलाडियों द्वारा ऑनलाईन साप्ताहिक रूप से फीडबैक प्राप्त किया जायेगा। अकादमी के कुल खिलाडियों की संख्या में आनुपातिक आधार पर शिकायत प्राप्त होने पर आनुपातिक रूप (जैसे 5 प्रतिशत खिलाडियो द्वारा शिकायत करने पर 5 प्रतिशत भुगतान मे कटौती)से भुगतान राशि मे से कटौति की जायेगी। संबधित जिला रसद अधिकारी द्वारा भोजन गुणवत्ता का निरीक्षण किया जायेगा। कोषाधिकारी द्वारा अकादमी में उपस्थित खिलाडियों की उपस्थिति प्रमाणित की जायेगी साथ ही अकादमी का पर्यवेक्षण भी कोषाधिकारी द्वारा किया जायेगा। कोषाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही संवेदक को भुगतान किया जायेगा। संबधित जिला कलक्टर द्वारा अकादमी का औचक निरीक्षण किया जायेगा। गुणवत्ता अनुसार भोजन नहीं होने पर नियमुनसार कार्यवाही की जावेगी।

48. बोलीदाता द्वारा परिषद की किचन का किसी भी प्रकार से वाणिज्यक उपयोग नहीं किया जायेगा। अकादमी में तैयार की गई भोजन सांमग्री का बहार विक्रय नहीं किया जावेगा।

49. यदि बोलीदाता संतोषप्रद भोजन सामग्री यथा आवश्यकता व अवधि में प्रदाय करने में असमर्थ रहता है तो **परिसमापित नुकसानी** की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत वसूलनीय होगी।

- **परिसमापित नुकसानी** – परिसमापित नुकसानी के साथ सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में वसूली निम्नलिखित प्रतिशतता के आधार पर उन सामानों के मूल्यों के लिए की जाएगी जिनका बोलीदाता प्रदाय करने में असफल रहा है :–

(क) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए	– 2.5%
(ख) एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि से अनधिक के लिए	– 5%
(ग) आधी अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि के तीन चौथाई से अनधिक के लिए	– 7.5%
(घ) विहित अवधि की तीन चौथाई अवधि से अधिक विलम्ब के लिए	– 10%

- प्रदाय में विलम्ब की अवधि की गणना करते समय आधे दिन से कम भाग को छोड दिया जाएगा।
- परिसमापित नुकसानी की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी।
- यदि माल प्रदाय करने में उत्पन्न हुई बाधा बोलीदाता के नियंत्रण से परे कारणों से हुई हो तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि परिसमापित नुकसानी सहित या रहित की जा सकेगी।
- **वसूली** – परिसमापित नुकसानी, कम प्रदाय, टूट–फुट, रद्द की गई वस्तुओं के लिए वसूली साधारण रूप से बिल में से की जाएगी। प्रदायकर्ता कम प्रदाय, टूट–फुट, रद्द की गई वस्तुओं की सीमा तक राशि को भी रोका जा सकेगा तथा यदि प्रदायकर्ता संतोषजनक ढंग से उनको नहीं बदलता है तो परिसमापित नुकसानी के साथ वसूली उसे देय राशि एवं विभाग के पास उपलब्ध प्रतिभूति निक्षेप से की जाएगी। यदि वसूली करना संभव न हो तो राजस्थान पीडीआर एक्ट या प्रवृत्त की अन्य कानून के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।

50. संवेदक को प्रत्येक माह के अन्त में भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करते समय प्रभारी/अकादमी द्वारा गठित खिलाडियों की भोजन समिति द्वारा प्रमाणिकरण करवाया जाकर बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा।साथ ही उक्त कमेटी को 15 दिवस में बदलना होगा।

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

51. संवेदक द्वारा लगाये गये मैनपॉवर की सूची मुख्यालय पर उपलब्ध करवायी जावेगी। अकादमी में किसी भी प्रकार शिकायत परिषद के ऑनलाईन पोर्टल पर की जा सकेगी।

52. **Specific Need:- Capacity to provide special meals or athletics Ex. Pre-post training snacks and recovery meal.**

53. संचालित खेल अकादमियों में भोजन व्यवस्था हेतु निम्नानुसार मैनपॉवर लगाया जाना अनिवार्य होगा :–

Type of Manpower	Minimum Manpower (0-40 Girls/Boys)	Minimum Manpower (40-80 Girls/Boys)
Cook	1	2
Assistant Cook	-	1
Helper	2	3
Housekeeping/Washer	2	3
Total	**5**	**9**

54. भविष्य में शुरू होने वाले नवीन खेल स्कूल/खेल अकादमियों की भोजन व्यवस्था किये जाने हेतु निविदा में अनुमोदित दरों पर कार्यादेश दिया जा सकेगा।

55. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम की शेष शर्ते भी लागू होगी।

उपरोक्त भोजन कार्य संबंधी शर्ते मैने/हमने पढ ली है, और यह शर्तें मुझे/हमें स्वीकार्य है।

हस्ताक्षर ई–बोलीदाता
मोबाईल नम्बर

Signed by: RAJKESH MEENA, Secretary
Date: 2026-06-16 13:53:47 +05:30

v-1.0

Annexure- "A"

Compliance with the Code of Integrity and No Conflict of Interest

Any person participating in a procurement process shall-

(a) Not offer any bribe, reward or gift or any material benefit either directly or indirectly in exchange for an unfair advantage in procurement process or to otherwise influence the procurement process;

